# ग्रामीण क्षेत्र विकास समिति

## (राड्स) रानीचौरी, टिहरी गढ़वाल

## वार्षिक–प्रगति रिपोर्ट

## वित्तीय वर्ष–2019–20


पताः– पोस्ट बैग नम्बर– 06, रानीचौरी

टिहरी गढ़वाल, उत्तराखण्ड़।

दूरभाषः– 01376-252229(0)252404

**Email-**

**radsgramin@yahoo.co.in**

# ग्रामीण क्षेत्र विकास समिति रानीचौरी द्वारा

# 2019–20 में संचालित परियोजनायें एवं कार्यक्रम

1– जिला दिव्यांग एवं पुनर्वास केन्द्र द्वारा।

2– शिविरों का आयोजन।

3– नशामुक्ति हेतु जागरूकता रैली एवं कार्यक्रम।

4– अनाथ बच्चों एवं विधवा महिलाओं को दी आर्थिक सहायता।

5– हेंवल नदी बचाओ यात्रा।

6– पित्रवन कार्यक्रम।

7– पर्वतीय बाल मंच के द्वारा बच्चों को जागरूकता।

8– सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम।

9– टिहरी जिले में शुरू हुई चाइल्ड लाइन 1098 की शुरूआत।

10– कोरोना से बचाव हेतु मास्क वितरण।

11– 8 मार्च विश्व महिला दिवस पर कार्यक्रम।

12– ग्राम प्रधानों महिला मंगल दल को किया सम्मानित।

13– आजीविका परियोजना।

# जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र

जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र भारत सरकार के सामाजिक अधिकारिता मंत्रालय के द्वारा वित्तपोषित है जो कि जिला अस्पताल बौराड़ी में स्थित है। जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र के माध्यम से दिव्यांग जनो हेतु गेस्ट हाऊस रूकने के लिऐ बनाया गया है। जिसमें दिव्यांग जन निःशुल्क रुकते हैं। इस वर्ष गेस्ट हाउस में 250 दिव्यांगजन रूके। जिला विकलांग पुनर्वास केन्द्र के द्वारा दिव्यांगजनों को शिविरों के द्वारा दिव्यांग सहायक सामग्री उपलब्ध करायी जाती है। दिव्यांग जनों को इस वर्ष निम्न सामग्री उपलब्ध करायी गयी।

| क्र.सं. | ब्लाक का नाम | सहायक सामग्री का विवरण | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | वॉकर | कान की मशीन | व्हीलचियर | बैशाखी | छड़ी | अन्य |
| 01 | चम्बा | 01 | 08 | 05 | 05 | 08 | — |
| 02 | नरेन्द्रनगर | 0 | 01 | 0 | 0 | 00 | — |
| 03 | भिलंगना | 0 | 0 | 0 | 0 | 00 | — |
| 04 | जाखणीधार | 01 | 03 | 02 | 04 | 09 | — |
| 05 | थौलधार | — | — | — | — | — | — |
| 06 | प्रतापनगर | — | — | — | — | — | — |
| 07 | जौनपुर | — | — | — | — | — | — |
| 08 | देवप्रयाग | — | — | — | — | — | — |
| 09 | कीर्तिनगर | — | — | — | — | — | — |
| | कुल | 02 | 12 | 07 | 09 | 17 | — |




दिव्यांग जन को छड़ी उपलब्ध करते हुए




<u>दिव्यांग व्यक्ति को बैसाखी उपलब्ध कराते हुये</u>




<u>दिव्यांग व्यक्ति को व्हीलचियर उपलब्ध कराते हुये</u>

# विभिन्न स्थानों पर शिविरों के द्वारा दिव्यांग को उपकरण दिए गए

संस्था के द्वारा विभिन्न स्थानों(ब्लॉको) में आयोजित शिविरों में जाकर दिव्यांग लोगों हेतु दिव्यांग सामग्री उपलब्ध करायी गयी। जिन ब्लॉकों में शिविरों का आयोजन किया गया था वह हैं– 1. थत्यूड़ 2. घनसाली 3. जाखणीधार ।



थत्यूड़ ब्लॉक में शिविर में दिव्यांग सामग्री के साथ



जाखणीधार शिविर में दिव्यांग महिला को बैसाखी देते हुए

# नशामुक्ति हेतु जागरूकता रैली एवं कार्यकम

सुशील बहुगुणा सामाजिक संस्था ग्रामीण क्षेत्र विकास समिति और प्रगतिशील जनविकास संगठन की ओर से नशा मुक्ति पर स्कूल में एक निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गयी। सुशील बहुगुणा जी ने निंबध प्रतियोगिता में छात्र–छात्राओं से नशे से होने वाले नुकसान और इससे बचाव पर अपने अनुभव साझा किए। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम ,द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने वाले छात्रों को प्रमाण–पत्र वितरित करते हुये सुशील बहुगुणा जी ने कहा कि भले ही व्यक्ति शुरुआती दिनों में शौकिया तौर पर मद्यपान करता है। लेकिन बाद में उसका सेवन करना मजबूरी बन जाती है। सभी बच्चों के द्वारा अपने विचार निंबध में लिखे गये। संस्था छात्रों को नशा न करने की शपथ दिलाई है। सुशील बहुगुणा जी के द्वारा बार–बार नशा मुक्ति पर जागरूकता रैली , जागरूकता कार्यकम विभिन्न स्थानों पर किये जाते हैं। उनका कहना है नशा देश के लिए बड़ा खतरा है। तथा राड्स संस्था नशा छोड़ने वालों का करेगी सम्मान तथा किशोरों को नशा न करने की दिलाई शपथ। संस्था के द्वारा अनेक स्थानों पर नशा मुक्ति हेतु जागरूकता कार्यकम किए जाते हैं। जागरूकता कार्यकम में ग्रामीणों ने संकल्प लिया कि विवाह समारोह में शराब नहीं पिलायेंगे।




शराब बंदी हेतु जागरूकता रैली




जागरूकता रैली में महिलाऐं  पूर्ण शराबबंदी की मांग करते हुये



नशामुक्ति पर महिलाओं द्वारा जागरूकता रैली

## अनाथ बच्चों एवं विधवा महिलाओं को दी आर्थिक सहायता

राड्स संस्था ने प्रशासन के सहयोग से अनाथ बच्चों को राशन वितरित की। तथा मजदूरों को भी राशन वितरित की। संस्था ने जिन अनाथ बच्चों को राशन वितरित की उनके नाम व पता निम्न हैं।

| क. सं. | बच्चे का नाम | पिता का नाम | माता का नाम | पता | आयु | ब्लॉक | मो. नं. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रवीन | स्व. श्री कमल सिंह | श्रीमती सरोजनी देवी | ग्राम पसनी पागर खाल | 11 | चम्बा | 7409805249 |
| 2 | कुमारी प्रिया | | | | 14 | चम्बा | 9411749952 (प्रधान संगीता सजवाण) |
| 3 | कुमारी | स्व. सुरेश मिस्त्री | श्रीमती वसन्ती देवी | ग्रम चोपड़ियाल गांव | 15 | चम्बा | 9411142930 |
| 4 | अभिषेक | | | | 13 | चम्बा | |
| 5 | साहिल | | | | 10 | चम्बा | |
| 6 | गौरब | | स्व. ममता देवी | ग्राम नागदेव पथल्ड | 14 | चम्बा | 8954075283 |
| 7 | कुमारी आंचल | | | | 13 | चम्बा | |
| 8 | शुभम | स्व. श्री शूरवीर सिंह | | ग्राम पलास नागड़ी | 16 | चम्बा | 9719754467 प्रधान राजमती 9082737907 |
| 9 | शुभम | स्व. श्री उत्तम सिंह | श्रीमती सरिता देवी | कुठ्ठा | 15 | चम्बा | 8126484392 प्रधान शक्ति 9760370482 |
| 10 | आदित्य रावत | स्व. श्री गम्भीर सिंह | श्रीमती रजनी | कोटीगाड | 13 | चम्बा | 975899491 |

## जरूरतमंदों को राशन बांटा

लॉकडाउन के दौरान जरूरतमंदों की मदद के लिए अब कम लोग ही आगे आ रहे हैं, लेकिन अभी भी कई लोग हैं जा संकट में फंसे लोगों की निरंतर मदद कर रह हैं। राड्स संस्था के अध्यक्ष समाजसेवी सुशील बहुगुणा ने जिला प्रोवेशन अधिकारी अविनाश भदौरिया को 25 अनाथ बच्चों के लिए राशन दिया। ग्यारहगांव हिंदाव निवासी बचन सिंह रावत भिलंगना के 120 लोगों और स्वयंसेवी संस्था लोक सांई वृद्धाश्रम में रह रहे डेढ़ दर्जन से अधिक असहाय बुजुर्गों को राशन बांटा। समाजसेवी सुशील बहुगुणा ने पुलिस व प्रशासन के माध्यम से जरूरत मंदों को राशन कीट बांटने का काम जारी रखा है। जरूरत मंदों को राशन बांटने के साथ ही बहुगुणा ने जिला प्रोबेशन अधिकारी अविनाश भदौरिया की मदद से 25 अनाथ बच्चों को लेकर उनकी जरूरत की सामग्री उपलब्ध करवाई। जिसके लिए भदौरिया ने लाकडाउन के दौर में बहुगुणा की ओर से जारी मदद की सराहना की। जिला प्रोबेशन अधिकारी अविनाश भदौरिया ने बताया कि समाजसेवी बहुगुणा की ओर घनसाली के 5,प्रतापनगर 3, देवप्रयाग 6, चम्बा के 10 व नरेंद्रनगर के 1 बच्चे को आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई गयी है। यह वह बच्चें हैं जिनके माता–पिता नहीं हैं या फिर मां गरीब है।

# पितृवन कार्यक्रम

पर्यावरण संरक्षण के लिए चंबा ब्लॉक के गांवों में ग्रामीण क्षेत्र विकास समिति (राड्स) पितृ उपवन स्थापना की मुहिम चला रही है। अपने पूर्वजों की स्मृति को हमेशा संजोए रखने के उद्देश्य से गांवों में पितृ उपवन के तहत ग्रामीण पौधों का रोपण कर रहे हैं। पितरों की स्मृति में गांवों के आसपास फलदार पौधे रोपकर ग्रामीण सुरक्षा और संरक्षण की जिम्मेदारी खुद उठा रहे हैं। अपने पुरखों की यादों को संजोकर रखने के लिए ग्रामीण क्षेत्र विकास समिति 2015–16 से चंबा ब्लॉक के 26 गांवों में पितृ उपवन स्थापना के लिए पौधरोपण अभियान चला रही है। डार्गी, मुडयागांव, भाटूसैंण, कोटीगाड़, बिडकोट, गुनियाट गांव में 40–40 फलदार पेड़ ग्रामीण सावर्जनिक बंजर भूमि पर लगा चुके हैं। पितरों की स्मृति में आंवला, माल्टा, नींबू, अनार, अमरूद, नाशपाती आदि प्रजातियों के पौधे लगाए गए हैं। मुडयागांव में चार साल पहले लगाए गए माल्टा के पेडों पर अब फल लगने भी शुरू हो गए हैं। राड्स संस्था की ओर से ग्रामीणों को निःशुल्क पौधे उपलब्ध कराए जाते हैं। पौधों की सुरक्षा और संरक्षण की जिम्मेदारी ग्रामीण खुद उठा रहे हैं। अपने पितरों के नाम से ग्रामीण खुद सार्वजनिक बंजर भूमि को फलदार पौधे लगाने के लिए चुनते हैं। पौधों का पितरों का आशीर्वाद मानकर कोई भी व्यक्ति पितृ उपवन को नुकसान नहीं पंहुचाता है। पितृ उपवन में गांव के लोग अपने माता–पिता या पूर्वजों की स्मृति में पौधा लगाने का काम करते हैं। ये पेड़ हमें पूर्वजों की उपस्थिति का अहसास कराते हैं।

पूर्वजों की स्मृति में पौधे रोपकर उन्हें स्थायी रूप से जीवित रखने का प्रयास किया जाता है। जिन गांवों में पितृवन की स्थापना हो चुकी हैं वह हैं–नैल, साबली, गुल्डी, डडूर, पैन्यूला, नवागर, पाटा, दियूरी, स्यूटा, जौल, सुदाड़ा, धोल्याणी, थान, दिखोलगांव, मंज्यूड़, चोपड़ियाली, चूरेड़धार, पलास, कटाल्डी, भाटूसैंण।




भाटूसैंण





कोटीगाड़

भाटूसैंण एवं कोटीगाड़ में महिलाएं पितृवन लगाते हुये

# पर्वतीय बाल मंच

राड्स संस्था के द्वारा पर्वतीय बाल मंच में लगभग 25 गांवों के बच्चों के ग्रुप बनाये जा चुके हैं। इन ग्रुप के बच्चों द्वारा विभिन्न कार्यकमों में प्रतिभाग किया जाता है। संस्था के द्वारा बच्चों को जागरूकता, नशामुक्ति आदि के बारे में बताया जाता है। बच्चे अपनी तथा अपने गांव की समस्याओं के बारे में मीटिंग में चर्चा की जाती है। संस्था के द्वारा बच्चों को उनकी समस्यायें दूर करने में मदद की जाती है। बच्चों का प्रोत्साहन किया जाता है। जिन गांवों में पर्वतीय बाल मंच के ग्रुप हैं वह गांव निम्न हैं–

| क्र. सं. | गांव का नाम | संख्या |
|---|---|---|
| 1 | जौल | 25 |
| 2 | डडुर | 04 |
| 3 | जगधार | 19 |
| 4 | कुडियाल गांव | 18 |
| 5 | कोटीगाड़ | 5 |
| 6 | पुरुषोल गांव | 10 |
| 7 | मन्जुड़ | 10 |
| 8 | गुनोगी बमुण्ड | 06 |
| 9 | दिगोठी | 10 |
| 10 | बड़ा स्यूटा | 10 |
| 11 | रानीचौरी | 10 |
| 12 | बसाल | 30 |
| 13 | छाती कोठी | 15 |
| 14 | डार्गी | 28 |
| 15 | पाटा | 07 |
| 16 | नकोट | 07 |
| 17 | जगेठी | 06 |
| 18 | वीड | 05 |
| 19 | माणदा | 12 |
| 20 | गुनोगी उदयकोट | 20 |
| 21 | कोट | 12 |
| 22 | सेमल्वाड़ी | 08 |
| 23 | डोभाल गांव | 10 |
| 24 | भाटूसैंण | 05 |
| 25 | कटाल्डी | 04 |







विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्वतीय बाल मंच ग्रुप के बच्चों के द्वारा बनाए गए कुछ चित्र

# राड्स संस्था के द्वारा विभिन्न गांवों में सरकारी योजना के तहत सिलाई प्रशिक्षण

ग्रमीण क्षेत्र विकास समिति के द्वारा विभिन्न गांवों में सिलाई प्रशिक्षण कार्यकम किये जाते हैं। इस वर्ष ग्राम थान में जीविका अवसर योजना के अन्तर्गत अनुसूचित जाति के लिए अनुसूचित युवतियों के लिए बैग निर्माण प्रशिक्षण करवाया गया।





ग्राम थान में प्रशिक्षार्थी बैग प्रशिक्षण करते हुए

# टिहरी जिले में शुरू हुई चाईल्ड लाइन टोल फी 1098 की शुरूआत

चाइल्ड लाइन 1098 एक राष्ट्रीय 24 घंटे देखभाल और सुरक्षा की आवश्यकता वाले बच्चों के लिए आपातकालीन टोल फी फोन सेवा है। कोई भी बच्चा या संबंधित वयस्क इस सेवा का उपयोग करने के लिए 1098 डायल कर सकता है। यह महिला और बाल विकास मंत्रालया भारत सरकार की परियोजना है। फिलहाल चाइल्ड लाइन देशभर के 328 शहरों व जिलों में काम कर रहा है। और साल में 1.5 मिलियन से ज्यादा कॉल्स का जवाब देती है। चाइल्ड लाइन फाउन्डेशन भारत भर में बच्चों के लिए चाइल्डलाइन शुरू करने और निगरानी करने के लिए भारत सरकार द्वारा नियुक्त नोडल संगठन है। राड्स संस्था के द्वारा यह सेवा मार्च 2020 में टिहरी जिले में भी शुरू कर दी गई है। बच्चों की सुरक्षाा अनैतिक कार्यों या फिर उत्पीड़न जैसे गम्भीर मामले को रोकने के लिए चाइल्ड हेल्प लाइन नम्बर 1098 सेवा की शुरूआत जिले टिहरी में कर दी गई है।

## चाइल्ड लाइन – कैसे काम करेगी हेल्पलाइन

गुमशुदा बच्चे , शोषित बच्चे घर से भागे हुए बच्चे , तस्करी किए गये बच्चे कामकाज में लगे बच्चे मारपीट के शिकार बच्चे उत्पीड़न के शिकार बच्चे खराब हालात में फंसे बच्चे और देखभाल एवं सुरक्षा की जरूरत वाले सभी बच्चों की मदद क लिए हेल्पलाइन 24 घंटे कार्यरत रहेगी। जैसे ही जिले से कोई बच्चा या व्यक्ति टोली फी चाइल्ड लाइन हेल्प लाइन 1098 पर काल करेगा, तो टिहरी चाइल्ड डेस्क पर तैनात टीम सदस्य संबधित की शिकायत के आधार पर मौके पर पंहुचकर संबंधित बच्चे की मदद करेंगे। आश्यकता पड़ने पर हेल्प डेस्क पुलिस की मदद भी लेगी। इसके बाद बच्चे को किशोर न्याय बोर्ड या बाल कल्याण समिति के माध्यम से संबंधित परिजनों या फिर बाल शिशु गृह में छोड़ा जाएगा। जहां बच्चे को पुनर्वासन ओर निरन्तर फॉलोअप प्रदान किया जाता रहेगा।




चाइल्ड लाइन के ओपनिंग दिन के कुछ चित्र


# अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर 8 मार्च को सम्मान समारोह कार्यकम

संस्था के द्वारा 8 मार्च 2020 को विश्व महिला दिवस पर बहेड़ा (चम्बा) में एक सम्मान समारोह कार्यकम रखा गया। जिसमें महिलामंगल दल के सदस्य , स्वयंसहायता के सदस्य विभिन्न गांवों के ग्राम प्रधान तथा अन्य लोग सम्मिलित थे। जिसमें महिलाओं को सम्मानित किया गया ।




बहेड़ा गांव में आयोजित कार्यक्रम में ढोल में हाथ आजमाती दाएं से पूर्व प्रमुख आनंदी नेगी और महिला मंगल दल की अध्यक्ष कविता छ्वराल ● जागरण





अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यकम की कुछ तस्वीरें

# कोरोना से बचाव हेतु लोगों को मास्क वितरण एवं जागरूकता कार्यक्रम

राड्स संस्था ने विभिन्न गांवों में ग्राम प्रधानों के द्वारा लोगों को मास्क उपलब्ध कराये। तथा नगरपालिका एवं पुलिसकर्मियों को भी मास्क उपलब्ध कराये। संस्था के द्वारा महिलामंगल दल, स्वयं सहायता समूह, पर्वतीय बाल मंच के सदस्यों, दुकानदारों एवं अन्य क्षेत्रों में भी मास्क वितरित किये। संस्था के द्वारा जिन गांवों में मास्क वितरित किए गये उनकी सूची निम्न है।

| क्र. सं. | गांव का नाम | ग्राम प्रधान का नाम |
|---|---|---|
| 1 | बसाल | माया देवी |
| 2 | जगधार | किरन कोठारी |
| 3 | वीड | विमला देवी |
| 4 | डार्गी | किरन नेगी |






संस्था के द्वारा महिला मंगल दल को मास्क वितरित करते हुये



पर्वतीय बाल मंच के बच्चों को मास्क देते हुए



ग्राम प्रधान को मास्क देते हुए

## हेंवल नदी बचाओ यात्रा की

हेंवल नदी संरक्षण को लेकर चल रही तीन दिवसीय जागरूकता यात्रा की गई नागणी में नदी अस्तित्व को बचाए रखने के लिए स्वच्छता, पवित्रता और पौधरोपण को जरूरी बताया गया। जल बिरादरी की पहल पर चंबा सहित दर्जनों गांव की प्यास बुझाने वाली हेंवल नदी के संरक्षण के लिए बुधवार 5 जून 2019 को खुरेत गांव से पद यात्रा शुरू की गई थी। शुकवार 7 जून 2019 को समापन पर यात्रा जौल गांव होते हुए नागणी पंहुची। यहां जल बिरादरी के सदस्यों ने पिपलेश्वर महादेव मंदिर मंदिर में पूजा–अर्चना कर ग्रामीणों को गंगा संरक्षण की शपथ दिलाई। यात्रा के संयोजन राड्स संस्था के अध्यक्ष सुशील बहुगुणा ने कहा कि हेंवल नदी के किनारे पवित्रता और स्वच्छता रखी जाए। यात्रा में शामिल सविता डबराल और कुंभीबाला भट्ट ने हेंवल नदी के आसपास पौधरोपण करने पर जोर दिया।

इस दौरान जल बिरादरी ने नदी से लगे करीब 25 गांव से होते हुए 40 किमी का पैदल सफर तय किया। राड्स संस्था ने प्रत्येक गाव में जल बिरादरी संगठन स्थापित करने के साथ ग्रामीणों को नदी संरक्षण व संवर्द्धन के लिए प्रेरित किया।

संस्था के द्वारा ग्राम पंचायतों में मुख्य बिन्दू जल विरादरी समिति का गठन किया गया। इसका उद्देश्य और कार्यो को विस्तारपूर्वक ग्रामवासियों को समझाया । हेंवल नदी बचाने हेतू समिति का चयन किया गया । सस्था के अध्यक्ष ने गांव वालों को बताया कि अपने गधेरे नाले स्वच्छ रखने चाहिए। लोगों द्वारा कहा गया कि वह अपने आस–पास के गधेरे, नदियों , एवं पेयजल स्रोतों की साफ–सफाई करेंगे। जिन ग्रम पंचायतों में यह कार्यकम किये गये वह निम्न हैं।

1– पुजाल्डी ग्राम पंचायत

2– गुनोगी बमुण्ड ग्राम पंचायत

3– देवरी ग्राम पंचायत

4– अरोगी ग्राम पंचायत

5– जौल ग्राम पंचायत

6– सेमल्वाड़ी ग्राम पंचायत

7– डिंगली ग्राम पंचायत

8– गुनोगी ग्राम पंचायत



नई टिहरी में शुक्रवार को हेंवल नदी बचाओ यात्रा का समापन हुआ।

हेंवल नदी बचाने को निकाल रहे पद यात्रा



## ग्राम प्रधानों/महिला मंगल दल को किया सम्मानित

राड्स संस्था के द्वारा शराबबंदी की मुहिम को आगे बढ़ाने वाले लोगों एवं अपने-अपने गांवों में पूर्ण शराबबंदी करने वाले ग्राम-प्रधानों को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया । महिला मंगल दल के सदस्यों को ट्रॉफी देकर उनके अच्छे कामों एवं शराबबन्दी के लिए सम्मानित किया गया। एवं कुछ व्यक्तियों को शौल देकर सम्मनित किया गया।

### सम्मान पत्र

| क्र.सं. | नाम | पता |
|---|---|---|
| 1 | श्रीमती सीमा देवी | ग्राम-चोपड़ियाल |
| 2 | श्री मनोज बहुगुणा | ग्राम-साबली |
| 3 | श्री सोमवारी सकलानी | ग्राम-हवेली |
| 4 | श्रीमती वीना देवी | ग्राम-ढांगधार |
| 5 | श्रीमती मुन्नी देवी | ग्राम-गुनोगी |
| 6 | श्री ऋषिराम | ग्राम-डांग तल्ला |

### महिलाओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया

| क्र.सं. | नाम | पता |
|---|---|---|
| 1 | श्रीमती रेखा देवी | ग्राम-देवरी मल्ली |
| 2 | श्रीमती रोशनी देवी | ग्राम-स्यूल |
| 3 | श्रीमती प्यारी देवी | ग्राम-बड़ा स्यूटा |
| 4 | श्रीमती सीमा देवी | ग्राम-छोटा स्यूटा |
| 5 | श्रीमती नीलम | ग्राम-कुड़ियाल |
| 6 | श्रीमती राजमती | ग्राम-मंज्युड़ |
| 7 | श्रीमती गीता देवी | बादशाही थौल |
| 8 | सुमन | स्कूल-बहेड़ा |

### शौल सम्मान

| क्र.सं. | नाम | पता |
|---|---|---|
| 1 | आशा देवी | रंगली |
| 2 | श्रीमती मुन्नी देवी | गुनोगी |
| 3 | श्रीमती सीमा डबराल | चोपड़ियाल |
| 4 | ऋषिराम भट्ट | डांगतल्ला |
| 5 | सोमवारी लाल सकलानी | हवेली |
| 6 | गिरजा प्रसाद | रानीचौरी |
| 7 | कविता | भाटूसैंण |
| 8 | आरती | वटखेम |
| 9 | कुर्सीदा | नगेड़ दव्या |
| 10 | सुधा | जौल |
| 11 | बुद्धी | गुनोगी |
| 12 | कान्ता | वीड |
| 13 | सुषमा | बसाल |
| 14 | ववली | देवरी मल्ली |
| 15 | आनन्दी | सुदाड़ा |
| 16 | गुड्डी | रानीचौरी |

# आजीविका परियोजना

एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना (आई0एल0एस0पी0) उत्तराखंड राज्य के विकासखंड़ ताडीखेत में कार्यरत है ,ब्लॉक ताड़ीखेत..29º613 अंक्षाश 29º613 देशांतर एंव 1520 ऊॅचाई पर स्थित है। इस परियोजना के अंतर्गत जिला अल्मोड़ा में विभिन्न प्रकार के विकास कार्यक्रम एंव रोजगार गतिविधियों के तहत तकनीकी संस्था राड्स कुल 129 ग्राम पंचायतों में कुल 355 उत्पादक/असहाय उत्पादक समूहों द्वारा 3074 परिवारों के साथ कार्यरत है।

## परियोजना क्षेत्र की सूचनाये निम्नवत् हैः–

विकासखंड़ ताड़ीखेत में कुल 129 ग्राम पंचायातों के 121 ग्राम सभाओं में कुल 65695 की जनसंख्या में 33258 पुरूष व 349004 महिलायें है। जिसमें इस परियोजना के तहत 26 पुरूष एंव 3047 महिलायें उत्पादक एंव असहाय उत्पादक समूह के माध्यम से जुडी हुयी है।

**तकनीकी संस्था राड्स द्वारा विकासखंड़ ताड़ीखेत में माह सितबंर 2017 से माह मार्च 2020 तक लक्षित गतिविधियों का लिखित ब्यौरा निम्नानुसार हैः–**


1. परियोजना के प्रारंभिक छः माह में उत्पादक एंव असहाय उत्पादक समूहों का गठन परियोजना के नियम एंव शर्तो के आधार पर किया गया जिससे इन समूहों को परियोजना से प्राप्त होने वाली वित्तिय सहायता उपलब्ध हो सकें व परियोजना के माध्यम से समूहों को कृषि की ओर अग्रसित कर उचित सहायता एंव मार्गदर्शन दियाजा सकें। इस परियोजना के कार्यक्षेत्र के अंतर्गतविकासखंड़ ताड़ीखेत में ग्रामीण स्तर पर गठित कुल उत्पादक/असहाय उत्पादक समूहों का मूल्यांकन आजीविकासुगमकर्त्ता के माध्यम से आय–व्यय पंजिका,व्यक्तिगत पासबुक,विपणन पंजिका एंव समूहों के साथ चर्चा के माध्यमसे किया गया। वर्ष 2019 में कुल 355उत्पादक/असहायउत्पादक समूहों की ग्रेंड़िग (श्रेणीक्रम) में 150 समूह श्रेणी अ में 147 समूह श्रेणी ब में एंव 58 समूह श्रेणी स में है।





| Grading Year | Groups | Grade 'A' | Grade 'B' | Grade 'C' |
|---|---|---|---|---|
| 2019-20 | 355 | 344 | - | - |

**अ.**परियोजना अंतर्गत गठित उत्पादक/असहाय उत्पादक समूहों को अपनी आय के भाग मासिक रूप से बचत कर अपने समूह खाते में कर अपने जीवन के आर्थिक स्तर को बढाने की सूचनायें दि गयी एंव समूह सदस्यों को बताया गया कि वे अपनी जमा राशि का उपयोग आवश्यकता पड़ने पर अपनी सुविधानुसार कर सकते है। परियोजना अंतर्गत गठित कुल 3074 सदस्य इस गतिविधि में शामिल है जिसमें 20,25,50,100,110,150,200 के साथ कुल आतिथि तक...............बचत................ऋण एंव.................ऋण वापसी है।






| Finacial Year | Monthly saving /Member (Rs.) | | | | | | | | | | | | Total group | Cum. Saving (Rs) | Cum. Loan (Rs) | Cum. Return (Rs) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 20 | 25 | 30 | 50 | 60 | 80 | 100 | 110 | 120 | 200 | 300 | 500 | | | | |
| 2019-20 | 0 | 0 | 0 | 92 | 0 | 0 | 241 | 12 | 5 | 5 | 0 | 0 | 355 | | | |

**अ.** परियोजना अंतर्गत विकासखंड ताड़ीखेत के चयनित सदस्यों को उनकी क्षमताओं के विकास करने हेतु विभिन्न प्रकार के शैक्षिक भ्रमण परियोजना माध्यम से कराये गये जिससे वे समूह सदस्यों के मध्य अपने अनुभवों को साझा कर सकें।








**ब.** विभिन्न कार्यशालायें,किसान मेला,शैक्षिक कैंप इस परियोजना के अंतर्गत विकासखंड ताड़ीखेत में संचालित किये गये,ताकि लोगों को आधुनिक तकनीकी की जानकारी,उनके प्रयोग से आय का अर्जन किस प्रकार से किया जा सकता है की जानकारी प्राप्त हों सकें। इन वित्तिय वर्षो में सदस्यों को सुशासन,व्यवसाय एंव बाज़ार निपुणता से संबधित प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग दिलवा गया।इसके अलावा रानीखेत महोत्सव,बैंकिग एंव फाइनेंशियल प्रशिक्षण,हिलांस कृषि मेला,डेयरी प्रशिक्षण,वर्मी कपोस्ट व बीमा संबधित कार्यशालाओं का आयोजन किया गया।





| Training/Workshop | Village | Group | Member |
|---|---|---|---|
| Organic farming Workshop | 13 | 10 | 53 |
| Hilans farmer fair, Hwalbhag & Falsima | 111 | 210 | 832 |
| Insurance claim workshop | 10 | 18 | 52 |
| Post harvesting Workshop | 5 | 12 | 23 |
| CRP Training | 06 | 350 | 700 |
| Pashupalak Training | 03 | 03 | 03 |
| Kaushal Vikas Prashishan | 08 | 05 | 08 |
| Mandi Samiti | 15 | 25 | 58 |

## आम सभा बैठकः–

इन गतिविधियों के अलावा,विकासखंड़ ताड़ीखेत में वार्षिक आम सभा बैठक का आयोजन संघों के बेहतर विनियमन एंव निरंतरता को बनाये रखने के लिए हर वर्ष किया जाता है।संघों की स्थिरता एंव विनियमता बनाये रखने के लिए उत्तराखंड़ सहकारिता अधिनियम–2003 संशोधन के अंतर्गत विभागों व परियोजना से संबधित योजनाओं के बारे में बताया गया।सभी संघ बेहतर भविष्यऔर वित्तिय सुधार के लिए लोकतांत्रिक रूप से विभाजित है।सदस्यों को कृषि उत्पादके आयात एंव निर्यात एंव नई तकनीकी को अपनाने के साथ अपने उत्पादन को बढ़ने हेतु प्रेरित किया गया।





| AGM date | LC | Member | Covered Village | BoD's | Committees |
|---|---|---|---|---|---|
| 05-07-2019 | Nayi Kranti SRC | 437 | 18 | 13 | 3 |
| 30-06-2019 | Anmol Src | 520 | 23 | 13 | 3 |
| 04-07-2019 | Faldakote Src | 462 | 14 | 13 | 3 |
| 29-06-2019 | Sherchaugaon src | 490 | 17 | 13 | 3 |
| 07-07-2019 | Nayi Udaan src | 611 | 32 | 13 | 3 |
| 10-07-2019 | Nayi Skakti src | 554 | 17 | 13 | 3 |
| **6** | **6** | **3074** | **121** | **78** | **18** |

## संघ व्यवसायः—

विकासखंड़ ताड़ीखेत के अंर्तगत गठित सहकारिताओं की वित्तिय स्थिति सहकारिता द्वारा परियोजना के माध्यम से किये गये व्यवसाय एंव व्यवसाय में हुये लाभांश का संघ सदस्यों के मध्य वितरण से है।इस परियोजना के प्रांरभिक वर्ष में छः सहकारिताओं का गठन एंव जिला ईकाइ के मार्गदर्शन द्वारा व्यवसाय की शुरूआत कर आतिथि तक कुल टर्नओवर.......4534906....एंव लाभांश.....644741.....है।

| LC | Turnover (Rs) 2018-19 | NetProfit (RS) | Turnover (Rs) 2019-20 | Net Profit (Rs) |
|---|---|---|---|---|
| Nayi Kranti SRC Malla Biswa | 335214 | 23319 | 565811 | 78318 |
| Anmol SRC Billekh | 172012 | 18851 | 1074988 | 128878 |
| Faldakot SRC Jainoli | 215173 | 14915 | 1214393 | 116902 |
| Sherchugaon SRC Bamsyun | 376612 | 37594 | 439197 | 165134 |
| Nayi Udaan SRC Pipli | 148882 | 16657 | 897570 | 103312 |
| Nayi Shakti SRC Pantkotali | 220795 | 24531 | 342947 | 52197 |
| **6** | **1468688** | 135867 | **4534906** | 644741 |








## मॉड़ल एल0ड़ी0पी0ई0 टैंक का निर्माणः—

उत्पादक/असहाय उत्पादक समूहों की आवश्यकता को देखते हुये विकासखंड़ ताड़ीखेत में परियोजना अंर्तगत नियम एंव शर्तो के आधार पर प्रस्तावित ग्राम में कृषि उत्पादन को बढ़ाने के लिए सिंचाई हेतु मॉड़ल एल0डी0पी0ई0 टैंक का निर्माण किया गया जिसमें टैंक हेतु भूमि का चुनाव समूह सदस्यों द्वारा किया जाता है इस गतिविधि हेतु समूह सदस्य के साथ अनुबंध एंव भूमि पर टैंक के निर्माण हेतु कोई आपत्ति न होने के प्रमाण पत्र अन्नापत्ति प्रमाण पत्र के माध्यम से किया जाता है। परियोजना अंतर्गत आथिति तक कुल 130 मॉड़ल एल0ड़ी0पी0 ई0 टैंक का निर्माण किया गया। मॉड़ल एल0डी0पी0ई0 टैंक की कुल लागत 43000रू0 है जिसमें 36550 रू0 की धनराशि परियोजना द्वारा दो किस्तों में संघ के गतिविधि खाते में निर्गत की जाती है एंव शेष 6450रू0 की धनराशि लाभार्थी को देय होती है।

| LC | Tanks 2018-19 | Tanks 2019-20 | Area (Nali) |
|---|---|---|---|
| Nayi Kranti SRC | 15 | 08 | 82.0 |
| Faldakote SRC | 15 | 07 | 78 |
| Nayi Udan SRC | 12 | 09 | 75 |
| Nayi Shakti SRC | 12 | 10 | 77 |
| Anmol SRC | 12 | 08 | 78 |
| Sherchougaon SRC | 14 | 08 | 75 |
| **6** | **80** | **50** | **465** |






## फसल बीमाः—


फसल बीमा मुख्यतः कृषकों द्वारा उगायी अपनी फसलों के अचानक आने वाली आपदा जैसे सूखा,बाढ़,ओलावृष्टि से हुये नुकसान की भरपाई के लिये किया जाता है।बीमा के माध्यम से किसान अपनी फसलों के हुये आर्थिक नुकसान से भरपायी के संबंध में अवगत हो सकें।तकनीकी संस्था के सदस्यों एंव विभागों के सहयोग द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत गठित समूह सदस्यों की फसलों का बीमा कराया गया जिसके अंतर्गत कुल 1557.12 नाली फसली भूमि का बीमा विकासखंड ताड़ीखेत में कराया गया।

| LC | Village | Groups | Members | | | | Insured Crops | | | Total Area (Nali) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Lentil in nali | Mater In nali | Fruit In nali | Ar ea | Whe at in nali | Area | |
| Anmol src | 19 | 38 | 98 | 0 | - | - | 0 | 687 | 687 | **687** |
| Sherchaugaon Src | 11 | 18 | 48 | 0 | - | - | 0 | 782 | 782 | **782** |
| Faldakote Src | 3 | 7 | 15 | 0 | - | - | 0 | 62 | 62 | **62** |
| Nayi Udaan src | 1 | 1 | 1 | 0 | - | - | 0 | 5 | 5 | **5** |
| Nayi Kranti Src | 5 | 5 | 5 | 6 | - | - | 0.12 | 1 | 1.12 | **1.12** |
| Nayi shakti Src | 4 | 4 | 13 | 0 | 14 | 77 Plants | 0 | 6 | 20+77 Plants | 20+77 Plants |
| **6** | **29** | **73** | **180** | **6** | **14** | **77 Plants** | **0.12** | **1543** | **1557.12 77 Plants** | **1557.12 77 Plants** |

## दुग्ध संग्रहण केंद्रः—

परियोजना अंतर्गत गठित उत्पादक/असहाय उत्पादक समूहों के पशुपालकों द्वारा उत्पादित दुग्ध के विक्रय हेतु उत्तराखंड पशुधन विकास बोर्ड एंव ऑचल के सहयोग द्वारा दुग्ध संग्रहण केंद्र स्थापित किया गया। उत्पादकों समूहों के पशुपालको कें साथ बैठकों का आयोजन किया गया एंव उन्हेंऑचल के सहयोग द्वारा दुग्ध व्यवसाय से होने वाले लाभ के बारे में सूचना दी गयी,उन्हें बताया गया कि वे किस प्रकार से वैक्सीनेशन,पशु चारा,बीमा,साफ—सफाई के द्वारा अपने व्यवसाय को बढ़ा सकते है। विकासखंड ताड़ीखेत में कुल दुग्ध उत्पादन.......**20641**....कुल टर्नओवर....**459304**....रू0 फल्दाकोट एंव अनमोल आजीविका संघ में क्रमशः दर्ज की गयी।






| Federation Activity 2019-2020(Dairy) | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| S.no | Federation Name | Activity | Village | Month | Total Milk Quntity(Liter) | Total Turnover |
| 1 | Faldakot SRC Jainoli | Dairy | Pilkholi | Jan-Jan | 15143 | 309808 |
| 2 | Anmol SRC Billekh | Dairy | Syoun | April-June | 3504 | 99258 |
| 3 | Anmol SRC Billekh | Dairy | Mandalkote | Nov-Jan | 1994 | 50238 |
| | | | | G. TOTAL- | **20641** | **459304** |

## विकासखंड़ स्तर पर समन्वय समितिः–

तकनीकी संस्था राड्स के अंर्तगत विभिन्न विभागों,पंचायतीराज सदस्य एंव संघ सदस्य की स्वीकृति के आधार पर विकासखंड़ स्तर पर त्रैमासिक स्तर पर बैठकों का आयोजन किया जाता है।







| Place | Member | Chair Person |
|---|---|---|
| Block Hall | 65 | Block Pramukh |
| Block Hall | 78 | Block Pramukh |

## कलेक्शन सेंटरः–


संग्रहण केंद्र का निर्माण मुख्यतः ग्रामीण क्षेत्रों में उत्पादित उत्पाद के संग्रहण के लक्ष्य से किया गया है। जिसका मुख्य उद्देश्य उत्पाद की उचित गेंड़िग एंव पैंकेजिंग बाज़ार में उचित मूल्य में विक्रय किया जा सकें।संग्रहण केंद्र के निर्माण हेतु 1 नाली भूमि संघ द्वारा 30 वर्षो की लीज़ पर समूहसदस्यों द्वारा दी गयी है। वर्ष 2017 से 2020 तक सभी संघों के सग्रहण केंद्रों का निर्माण लगभग पूर्ण हो चुका है।





## मिनि कलेक्शन सेंटरः–

ग्रामीण क्षेत्रों के उत्पाद का संग्रहण करने के लिये 5–6 ग्रामों में लघु संग्रहण केंद्र का निर्माण किया गया है।लघु संग्रहण केंद्र का निर्माण उत्पादों को आसानी से ग्रामीण क्षेत्र से संग्रहित एंव इसके पश्चात् उचित पैंकेजिग कर बाज़ार में आसानी से विक्रय हेतु किया जाता है। संघ द्वारा 0.5 नाली भूमि 10 वर्ष की लीज पर समूह के सदस्य से ली जाती है। परियोजना के नियम एंव शर्तो केआधार पर लघु संग्रहण केंद्र का निर्माण 10 *12 sq.ft. माप के आधार पर कियाजाता है।



## फैलों लैंड़ः–

समूह सदस्यों को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लक्ष्य से बड़े फलोद्यान की स्थापना की गयी। अनुबंध के दिशा–निर्देशों के अनुसार,फलोद्यान गतिविधि का विकास 5 हेक्टेयर भूमि में प्रत्येक ईकाइ की कुल 1,27500 रू0 परियोजना द्वारा एंव 22500रू0 संघ द्वारा धनराशि के साथ किया गया। इस धनराशि का भुगतान संघ के गतिविधि खाते में दो किस्तों में किया गया। प्रत्येक गढ्ढे की गहराई 1 $m^2$ एंव प्रत्येक गढ्ढे की दूसरे गढ्ढे से दूरी 5 मीटर होनी आवश्यक है। विकासखंड़ ताड़ीखेत में वित्तिय वर्ष 2017 से 2020 तक **13225** पौध रोपित किये गये।

| LC | Area (Hec) | Village | Fruit Plants sowed(2018 to 2020) |
|---|---|---|---|
| Nayi kranti src(malla vishwa) | 10.0 | 08 | 950+1508 |
| Faldakote src(jainoli) | 10.0 | 03 | 1000+1385 |
| Sherchaugaon src(bamshyun) | 10.0 | 05 | 550+1385 |
| Nayi udan src(pipali) | 10.0 | 04 | 850+1385 |
| Nayi shakti src(pantkotuli) | 10.0 | 07 | 550+1354 |
| Anmol src (billekh) | 10.0 | 10 | 800+1508 |
| **6** | **60.0** | **37** | **13225** |






## चारा घासः–

चाराघास गतिविधि का विकास मुख्यतः चयनित कार्यक्षेत्र में जानवरों की चाराघास पूर्ति हेतु किया गया है। चाराघास क्षेत्र विकास हेतु महिमा पौधालय,नैनीताल से नैपियर,कचनार,भीमल बॉज की चारा पौध की खरीद की गयी जिसमें 42,500रू0 वित्तिय सहयोग परियोजना द्वारा एंव शेष धनराशि 7,500रू0 आर्थिक सहयोग संघ द्वारा स्वंय वहन किया जायेगा।

| LC | Area (He) | Village | Plantation | |
|---|---|---|---|---|
| | | | Nap (Q) 2018 to 2020 | Fooder Tree |
| Nayi kranti src(malla vishwa) | 10.0 | 8 | - | 2000+1050 |
| Faldakote src(jainoli) | 10.0 | 4 | - | 2000+800 |
| Sherchaugaon src(bamshyun) | 10.0 | 5 | 7+5 | 1100+600 |
| Nayi udan src(pipali) | 10.0 | 10 | 5 | 2000+450 |
| Nayi shakti src(pantkotuli) | 10.0 | 5 | 14+10 | 1600+450 |
| Anmol src (billekh) | 10.0 | 9 | 7+ | 1200+900 |
| 6 | 60.0 | 41 | 48 | 14150 |







## चेनलिंक फेंसिगः–

चेनलिंक फेंसिंग गतिविधि का उद्देश्य मुख्यतः जंगली पशुओं से फसलों को होने वाले नुकसान से बचाने हेतु एंव कृषकों की आय बढ़ाने हेतु किया गया है। चेनलिंक फेंसिंग गतिविधि के अंर्तगत .........................मीटर फेंसिंग प्रत्येक संघ द्वारा चार **LOT** के अंर्तगत क्रय कर कृषकों को उपलब्ध कराया जिस हेतु प्रत्येक **LOT** में परियोजना द्वारा 248508रू0 वित्तिय सहयोग प्रदान किया गया एंव शेष धनराशि का वहन संघों द्वारा स्वंय किया गया। कृषकों को फेंसिंग प्रतिमाह 30रू0 बंड़ल प्रति बंड़ल के आधार पर किराये पर दी जायेगी।


| LC | TOTAL BUNDAL | MONTH DURATION | RECEIVED PAYMENT | Sale (Rs) |
|---|---|---|---|---|
| Nayi kranti src(malla vishwa) | 307 | 6 | 54300 | - |
| Faldakote src(jainoli) | 295 | 6 | 89160 | - |
| Sherchaugaon src(bamshyun) | 337 | 6 | 90160 | - |
| Nayi udan src(pipali) | 312 | 6 | 56220 | - |
| Nayi shakti src(pantkotuli) | 311 | 6 | 80500 | - |
| Anmol src (billekh) | 312 | 6 | 89600 | - |





## अभिसरणः—

विकासखंड़ ताड़ीखेत में गठित उत्पादक/असहाय उत्पादक समूहों को सरकारी विभागों द्वारा चलायी जा रही योजनाओं से संबंधित सूचना उपलब्ध करायी गयी। तकनीकी संस्था के कर्मचारियों के सहयोग द्वारा विभिन्न विभागों से अभिसरण के माध्यम से जई,चेरी,बरसीम,मक्का के बीज साथ—साथ वैक्सिनेंशन, गोशालासुधारीकरण,मुर्गी के चूजों का विवरण पशुपालन विभाग द्वारा एंव अदरख,आलू,हल्दी,मूली,गेहूँ,मसूर के बीज का वितरण एंव कपोस्ट पीट,पॉलहाउस,हैंड़ स्प्रे,साही हल,मशीनरी,,फसल बीमा आदि कार्य अभिसरण के माध्यम से उद्यान एंव कृषि विभाग द्वारा समूह सदस्यों को उपलब्ध कराये।









| Activities | Village | Group | Member | Quan/No. | Department |
|---|---|---|---|---|---|
| Polyhouse | 4 | 4 | 4 | 4 | Horticulture,tarikhet |
| Syahi Hal | 4 | 4 | 4 | 4 | Agriculture,Bamshyun |
| Crop Insurance | 40 | 132 | 247 | 247 | Agriculture, Tarikhet |
| Vermi Pit | 3 | 3 | 20 | 9 | Agriculture, Tarikhet |
| Wheat Seed | 4 | 6 | 21 | 223 | Agriculture, Tarikhet |
| Lentil Seed | 1 | 2 | 4 | 4 | Agriculture, Almora |
| Turmeric Seed | 16 | 10 | 57 | 100 | Horticulture, Tarikhet |
| Cattle Vaccination | 7 | 12 | 76 | 144 | Animal Husbandry |
| Gosala Renovation | 13 | 14 | 14 | 14 | Animal Husbandry |
| Jayi Seed | 27 | 49 | 155 | 483 | Animal Husbandry |
| Baerseem Seed | 4 | 5 | 28 | 20 | Animal Husbandry |
| Chicks Distribution | 12 | 14 | 125 | 1440 | Animal Husbandry |
| Cheery and maize | 6 | 18 | 90 | 120 | Animal Husbandry |
| Hand Spray | 2 | 2 | 14 | 4 | Horticulture, Bamshyun |
| Calcium Distribution | 2 | 7 | 30 | 30 | Animal Hubandry |

## व्यवसायिक प्रशिक्षणः—

एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना के अंर्तगत बेरोजगार एवं वे महिला एवं पुरूष प्रतिभागी जो कार्य करना चाहते है उन्हें रोजगारपरक कार्यक्रमों से जोड़ा गया।आई0एल0एस0पी0 के अंर्तगत 70 विद्यार्थी को होटल मैनेंजमेंट संबंधी कोर्स हल्द्वानी एंव सौनी ट्रेंनिग सेंटर से प्रशिक्षित करवाया इस प्रोग्राम के अंर्तगत फ्रंट ऑफिस,सर्विसिंग एंव कुक संबधी डिपार्टपेंटल कोर्स कराये गये।व्यवसायिक प्रशिक्षण के अंतर्गत मशरूम उत्पादन,जूस एंव अचार से संबधित प्रशिक्षण गठित उत्पादक एंव असहाय उत्पादक समूह को दिया गया। जिससे वे अपनी आजीविका उपार्जन कर सकें।

